**FINANCIAL ACCOUNTING**

**वित्तीय लेखांकन**

मुख्य प्रश्नपत्र – I

Major Paper – I

Time 3 Hours] [Max. Marks 70

[Min. Marks 25

**नोट : सभी खण्ड अनिवार्य हैं। सभी के लिए अंक विभाजन योजना प्रश्नपत्र में दर्शाये अनुसार होगी। दृष्टि बाधित छात्रों के लिए 60 मिनिट अतिरिक्त समय दिया जाएगा।**

**विश्वविद्यालय के पास अंक विभाजन के परिवर्तन का अधिकार सुरक्षित है।**

**Each section is compulsory. The marks distribution is same as shown in the question paper. The blind students will be given 60 minutes extra time.**

**University has all rights to change the distribution of marks.**

**खण्ड अ : वस्तुनिष्ठ प्रश्न Section A : Objective Question** 6×1=6

**नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**All questions are compulsory.**

1. द्वि-प्रविष्टि प्रणाली वर्ष में प्रारम्भ हुई : Double Entry System was started in the year :

   (a) 1949 (b) 1494 (c) 1499 (d) 1944.

2. माल दान में दिये जाने पर निम्नांकित में से कौनसा खाता समाकलित (क्रेडिट) होगा :

   (अ) विक्रय खाता (ब) क्रय खाता

   (स) दान खाता (द) रोकड़ खाता।

   Which account of the following will be credited on giving of goods in donation :

   (a) Sales account (b) Purchase account

   (c) Donation account (d) Cash account.

3. यदि बेचे गए माल की लागत 4,40,000 रुपये, प्रारम्भिक स्कंध 50,000 रुपये तथा अंतिम स्कंध 30,000 रुपये हो, तो क्रय मूल्य होगा :

   If costs of goods sold is Rs. 4,40,000, Opening Stock is Rs. 50,000 and Closing Stock is Rs. 30,000 then what is the purchase price :

   (a) Rs. 4,70,000 (b) Rs. 4,50,000

   (c) Rs. 4,20,000 (d) Rs. 4,60,000.

4. शाखा समायोजन खाता बनाया जाता है :

   (अ) आश्रित शाखा द्वारा।

   (ब) स्वतन्त्र शाखा द्वारा।

   (स) आश्रित शाखा के प्रधान कार्यालय के द्वारा।

   (द) स्वतन्त्र शाखा के प्रधान कार्यालय के द्वारा।

   Branch Adjustment Account is prepared by :

   (a) Dependent Branch.

   (b) Independent Branch.

   (c) Head Office of Dependent Branch.

   (d) Head Office of Independent Branch.

5. अधिकार शुल्क खाता है :
(अ) चालू खाता
(ब) बचत खाता
(स) अवास्तविक खाता
(द) इनमें से कोई नहीं।
Royalty Account is :
(a) Current Account
(b) Saving Account
(c) Nominal Account
(d) None of these.

6. पूंजी पर ब्याज दर्शाया जाता है :
(अ) विभागीय व्यापार खाते में।
(ब) विभागीय लाभ-हानि खाते में।
(स) सामान्य लाभ-हानि खाते में।
(द) इनमें से कोई नहीं।
Interest on Capital is shown :
(a) in Departmental Trading Account.
(b) in Departmental Profit and Loss Account.
(c) in General Profit and Loss Account.
(d) None of these.

## खण्ड ब : लघुउत्तरीय प्रश्न Section B : Short Answer Question

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। 5×8=40
**All questions are compulsory.**

1. पुस्तपालन एवं लेखांकन में अन्तर बताइए।
Differentiate between Book-Keeping and Accountancy.

अथवा OR

दोहरा लेखा प्रणाली के तीन सुनहरे नियमों को समझाइये।
Explain the Three Golden Rules of Double Entry System.

2. लेखा पुस्तकों के प्रकार बताइए।
Describe the types of Books of Account.

अथवा OR

परीक्षा-सूची क्या है ? यह क्यों बनाई जाती है ?
What is Trial Balance ? Why is it prepared ?

3. बेचे गए माल की लागत से क्या आशय है ? इसे कैसे ज्ञात करते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए।
What do you mean by Cost of Goods Sold ? How is it calculated ? Explain with illustration.

अथवा OR

स्थगित आयगत व्यय क्या है ?
What is Deferred Revenue Expenditure ?

4. शाखा के विभिन्न प्रकारों को समझाइए।
Explain various types of Branches.

अथवा OR

विभागीय लेखांकन की आवश्यकता समझाइए।
Explain the need of Departmental Accounting.

5. किराया क्रय पद्धति के लाभ बताइए।
Explain the merits of Hire-Purchase System.

अथवा OR

पट्टेदाता की पुस्तकों में अधिकार शुल्क के सम्बन्ध में की जाने वाली प्रविष्टियां दीजिए।
Give the journal entries in the books of Lessor for Royalty.

## खण्ड स : दीर्घउत्तरीय प्रश्न Section C : Long Answer Question 2×12=24

नोट : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
**Answer any two questions.**

1. द्वि-प्रविष्टि प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? इसके लाभ लिखिए।
What do you mean by Double Entry System ? Write its merits.

2. कम्प्यूटरीकृत खातों से क्या आशय है ? उनकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
What is meant by Computerized Accounts ? Describe its characteristics.

3. बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए और निम्न विवरण के आधार पर मैसर्स राजेन्द्र वस्त्रालय, इन्दौर का बैंक पास बुक का क्या शेष होगा बताइए :
   - (अ) 30 जून, 2022 का रोकड़ पुस्तक के अनुसार 3,450 रुपये का अधिविकर्ष था।
   - (ब) 100 रुपये का अधिविकर्ष पर ब्याज रोकड़ पुस्तक में नहीं दिखाया गया था।
   - (स) 450 रुपये प्रतिभूतियों पर ब्याज बैंक द्वारा जमा किया गया था किन्तु वह रोकड़ पुस्तक में अंकित नहीं था।
   - (द) 700 रुपये का काटा गया चैक बैंक में पेश नहीं किया गया।
   - (इ) 1,240 रुपये के बाहर के चैक बैंक में जमा किए गए थे किन्तु वे वसूल नहीं हुए।
   - (फ) 50 रुपये बैंक खर्च पास बुक में नाम किए गए किन्तु रोकड़ पुस्तक में अंकित नहीं किए गए।
   - (ज) एक ग्राहक द्वारा 150 रुपये सीधे बैंक मे जमा किये गये किन्तु रोकड़ पुस्तक में नहीं चढ़ाये गये।

   Prepare a Bank Reconciliation Statement showing the balance that would appear in the Bank Pass Book of M/s Rajendra Vastralaya, Indore from the following particulars :
   - (a) Bank Overdraft as per Cash Book on 30th June, 2022 was Rs. 3,450.
   - (b) Interest on Overdraft to the extent of Rs. 100 was not shown in Cash Book.
   - (c) Interest on Securities amounting to Rs. 450 was credited by the bank but was not recorded in Cash Book.
   - (d) Cheque issued for Rs. 700 was not presented for payment at the bank.
   - (e) Outstation cheques amounting to Rs. 1,240 were deposited into the bank but were not collected.
   - (f) An amount of Rs. 50 debited in the Pass Book as bank charges was not recorded in Cash Book.
   - (g) Rs. 150 paid by a customer directly into the bank but not recorded in Cash Book.

4. ललित माइनिंग कं. लिमिटेड ने 1-4-2015 से उस भूमि पर कार्य करना शुरू किया जो कि उन्हें भू-स्वामी से पट्टे पर प्राप्त हुई थी। पट्टे की शर्तों के अनुसार अधिकार-शुल्क 100 रुपये प्रति टन के हिसाब से निकाला जायेगा और इसका भुगतान 30-4-2016 को (और इसके बाद वार्षिक) किया जायेगा। न्यूनतम किराये की राशि प्रति वर्ष 2,00,000 रुपये होगी। लघुकार्य राशि को अधिक-से-अधिक उस राशि में से अपलिखित किया जा सकता है जिसका भुगतान 30-4-2019 को किया जायेगा। वार्षिकी टनों की निकासी इस प्रकार हुई : 2015-16 में 1,000 टन, 2016-17 में 1,750 टन, 2017-18 में 2,300 टन, 2018-19 में 2,800 टन और 2019-20 में 4,000 टन।

   ललित माइनिंग कम्पनी लिमिटेड की पुस्तकों में भू-स्वामी का खाता और लघुकार्य राशि खाता बनाइए।

   Lalit Mining Company Ltd. commenced work on 1-4-2015, upon the land leased to it by the landlord. As per the conditions of the lease the royalty is to be calculated @ Rs. 100 per ton and its payment will be made on 30-4-2016 (and thereafter annually). The Minimum Rent will be Rs. 2,00,000 per annum. The maximum recoupment of short-workings can be done out of payment amount which will be paid on 30-4-2019. The annual tonnage raised was as follows : 1,000 ton in 2015-16; 1,750 ton in 2016-17; 2,300 ton in 2017-18; 2,800 ton in 2018-19; 4,000 ton in 2019-20.

   Prepare Landlord's Account and Short-Workings Account in the books of M/s Lalit Mining Co. Ltd.

5. श्री राजराजेश्वर का 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष का तलपट नीचे दिया गया है, आप 31 मार्च, 2022 को व्यापारिक एवं लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठा तैयार कीजिए :

The Trial Balance of Shri Rajrajeshwar in respect of the year ending 31st March, 2022 is given below, prepare his Trading and Profit and Loss Account and Balance Sheet as at 31st March, 2022 :

| विवरण (Particulars) | रुपये (Rs.) | रुपये (Rs.) |
|---|---|---|
| रहतिया 1 अप्रैल, 2021 को (Stock on 1st April, 2021) | 32,000 | -- |
| क्रय (Purchases) | 1,80,000 | -- |
| भवन (Buildings) | 48,000 | -- |
| मशीनरी (Machinery) | 20,000 | -- |
| देनदार (Debtors) | 34,000 | -- |
| आहरण (Drawings) | 8,000 | -- |
| आन्तरिक वापसी (Return Inward) | 1,200 | -- |
| क्रय पर भाड़ा (Freight on Purchases) | 2,500 | -- |
| वेतन (Salaries) | 16,400 | -- |
| हाथ में रोकड़ (Cash in Hand) | 2,800 | -- |
| व्यापारिक व्यय (Trade Expenses) | 7,200 | -- |
| बीमा एवं कर (Insurance and Taxes) | 3,000 | -- |
| अशोध्य ऋण (Bad Debts) | 600 | -- |
| प्राप्य बिल (Bills Receivables) | 9,000 | -- |
| बैंक ऋण (Bank Loan) | -- | 8,800 |
| पूंजी (Capital) | -- | 64,000 |
| लेनदार (Creditors) | -- | 23,200 |
| देय विपत्र (Bills Payable) | -- | 4,000 |
| विक्रय (Sales) | -- | 2,60,000 |
| अशोध्य ऋण आयोजन (Bad Debts Provision) | -- | 800 |
| बाह्य वापसी (Return Outward) | -- | 1,600 |
| कमीशन (Commission) | -- | 1,500 |
| छूट (Discount) | -- | 800 |
| योग (Total) | **3,64,700** | **3,64,700** |

समायोजनाएं :

(1) 31 मार्च, 2022 को 24,000 रुपये का अन्तिम रहतिया था।
(2) पूंजी पर ब्याज 5% लगाना है।
(3) 1,600 रुपये अदत्त वेतन।
(4) 300 रुपये पूर्वदत्त बीमा।
(5) भवन पर 2% तथा मशीनरी पर 10% ह्रास लगाना है।
(6) देनदारों पर 5% अशोध्य ऋण के लिए प्रावधान करना है।
(7) कमीशन अर्जित कर लिया लेकिन अभी तक नहीं मिला 400 रुपये।

Adjustments :

(1) Closing Stock on 31st March, 2022 was Rs. 24,000.
(2) Interest on Capital at the rate of 5% p.a. was to be allowed.
(3) Outstanding Salaries Rs. 1,600.
(4) Insurance Prepaid Rs. 300.
(5) Depreciation is to be written-off on Buildings at 2% and on Machinery at 10%.
(6) Provision is to be made on Debtors at 5% for Bad Debts.
(7) Commission earned but not yet received Rs. 400.